## क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग: एशिया 2025

क्वाक्वेरेली साइमंड्स (क्यूएस) ने वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग: एशिया 2025 का 16वां संस्करण जारी किया है।

### प्रमुख बिंदु

- यह रैंकिंग **पूर्वी, दक्षिणी, दक्षिण-पूर्वी और मध्य एशिया के 25 देशों के 984 संस्थानों का मूल्यांकन करती** है।
- यह रैंकिंग विश्वविद्यालयों द्वारा **निम्नलिखित मापदंडों** पर प्राप्त अंकों के आधार पर तैयार की जाती है: अंतर्राष्ट्रीय संकाय, पीएचडी वाले कर्मचारी, संकाय-छात्र अनुपात, इनबाउंड एक्सचेंज, शैक्षणिक प्रतिष्ठा, प्रति पेपर उद्धरण, प्रति संकाय पेपर, अंतर्राष्ट्रीय अनुसंधान नेटवर्क, अंतर्राष्ट्रीय छात्र, आउटबाउंड एक्सचेंज और नियोक्ता प्रतिष्ठा।

### शीर्ष संस्थान

- तालिका में शीर्ष चार अग्रणी संस्थान अपरिवर्तित बने हुए हैं, जिसमें **पेकिंग विश्वविद्यालय** ने एक और वर्ष के लिए पहला स्थान हासिल किया है, **हांगकांग विश्वविद्यालय, सिंगापुर राष्ट्रीय विश्वविद्यालय (एनयूएस) और नानयांग टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी, सिंगापुर (एनटीयू)** क्रमशः दूसरे, तीसरे और चौथे स्थान पर बने हुए हैं।

QS WORLD UNIVERSITY RANKINGS 2025

- फूडान विश्वविद्यालय पांचवें स्थान पर रहा, जबकि सिटी यूनिवर्सिटी ऑफ हांगकांग सात स्थान ऊपर चढ़कर 10वें स्थान पर पहुंच गया है।

### भारतीय विश्वविद्यालय

- भारत सबसे अधिक प्रतिनिधित्व वाला देश है, जिसके **193 विश्वविद्यालय रैंक** किये गये हैं, उसके बाद **मुख्य भूमि चीन (135) और जापान (115)** का स्थान है।
- **देश के 6 विश्वविद्यालयों** ने एशिया के शीर्ष 100 विश्वविद्यालयों में स्थान प्राप्त किया है।
- क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग: एशिया 2025 के शीर्ष 100 में निम्नलिखित 6 भारतीय विश्वविद्यालय शामिल हैं:
  - भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान दिल्ली (IITD) - रैंक 44
  - भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान बॉम्बे (IITB) - रैंक 48
  - भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मद्रास (IITM) - रैंक 56
  - भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान खड़गपुर (IIT-KGP) - रैंक 60
  - भारतीय विज्ञान संस्थान - रैंक 62
  - भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान कानपुर (IITK) - रैंक 67

## विश्व सौर रिपोर्ट श्रृंखला

विश्व सौर रिपोर्ट श्रृंखला का तीसरा संस्करण अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन की 7वीं सभा में जारी किया गया।

### प्रमुख बिंदु

- विश्व सौर रिपोर्ट श्रृंखला **आईएसए असेंबली के अध्यक्ष और भारत के नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रहलाद जोशी द्वारा जारी** की गई।
- यह रिपोर्ट श्रृंखला वैश्विक सौर विकास, निवेश प्रवृत्तियों, तकनीकी प्रगति और अफ्रीका की हरित हाइड्रोजन क्षमता पर केंद्रित है।
- नई लॉन्च की गई 4 रिपोर्ट है:
  - विश्व सौर बाजार रिपोर्ट,
  - विश्व निवेश रिपोर्ट,
  - विश्व प्रौद्योगिकी रिपोर्ट, और
  - अफ़्रीकी देशों के लिए हरित हाइड्रोजन तत्परता मूल्यांकन

### विश्व रिपोर्ट श्रृंखला

- **विश्व सौर बाजार रिपोर्ट** में असाधारण सौर विकास का पता चलता है, जिसमें वैश्विक क्षमता 2000 में 1.22 गीगावाट से बढ़कर 2023 में 1,418.97 गीगावाट हो गई है।

- **नवीनतम विश्व निवेश रिपोर्ट** में संधारणीय ऊर्जा की ओर वैश्विक बदलाव पर प्रकाश डाला गया है, जिसमें ऊर्जा निवेश 2018 में $2.4 ट्रिलियन से बढ़कर 2024 तक $3.1 ट्रिलियन हो गया है।
- **विश्व प्रौद्योगिकी रिपोर्ट** में सौर प्रौद्योगिकी में प्रगति को दर्शाया गया है, जिसमें दक्षता, संधारणीयता और सामर्थ्य में सफलताओं पर जोर दिया गया है।
- **ग्रीन हाइड्रोजन अफ्रीकी देशों के लिए तत्परता मूल्यांकन** स्टील और उर्वरक उत्पादन जैसे जीवाश्म ईंधन पर अत्यधिक निर्भर उद्योगों को डीकार्बोनाइज करने के लिए ग्रीन हाइड्रोजन की क्षमता पर प्रकाश डालता है।

- यह **श्रृंखला 2022 में शुरू की गई** थी।
- यह रिपोर्ट श्रृंखला सौर प्रौद्योगिकी में वैश्विक प्रगति, प्रमुख चुनौतियों और क्षेत्र में निवेश प्रवृत्तियों का संक्षिप्त और व्यापक अवलोकन प्रदान करती है।

## डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र अभियान 3.0

केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने भारत में डिजिटल जीवन प्रमाणपत्र (डीएलसी) अभियान 3.0 के शुभारंभ की घोषणा की।

### प्रमुख बिंदु

- यह **पेंशनभोगियों के डिजिटल सशक्तिकरण के लिए** है।
- डीएलसी अभियान 3.0, 1 से 30 नवंबर, 2024 तक भारत के 800 शहरों/कस्बों में आयोजित किया जाना है।
- डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र जिसे जीवन प्रमाण के नाम से भी जाना जाता है, 2014 में लॉन्च किया गया था। वर्ष 2021 में फेस ऑथेंटिकेशन फीचर भी लॉन्च किया गया था।

**पिछले अभियान**

- डीएलसी अभियान 1.0 वर्ष **2022 में शुरू किया गया** था और इसे 37 शहरों में लागू किया गया था।
- डीएलसी अभियान 2.0 वर्ष 2023 में नवंबर, 2023 में 100 शहरों में 597 स्थानों पर आयोजित किया गया था, जिसके तहत कुल 1.47 करोड़ डीएलसी बनाए गए, जिनमें से 45.46 लाख केंद्र सरकार के पेंशन भोगियों के थे।

## आकांक्षा हाट 2024

9 नवंबर 2024 को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आकांक्षा हाट 2024 का उद्घाटन करेंगे।

### प्रमुख बिंदु

- **उद्देश्य**: इस पहल का उद्देश्य महिला उद्यमियों और स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) को अपने उत्पादों और प्रतिभाओं को प्रदर्शित करने के लिए एक मंच प्रदान करके उन्हें सशक्त बनाना है।
- इसका **आयोजन स्थानीय उद्योगों को बढ़ावा देने और महिला उद्यमियों को सशक्त बनाने के लिए** किया जा रहा है।
- आकांक्षा समिति **(उत्तर प्रदेश के आईएएस ऑफिसर्स वाइव्स एसोसिएशन (आईएएसओडब्ल्यूए) द्वारा संचालित एक संगठन)** राज्य के 75 जिलों में महिलाओं के कल्याण और आर्थिक सशक्तिकरण के लिए समर्पित है।
- आकांक्षा हाट 2024 के माध्यम से, समिति महिलाओं के नेतृत्व वाले स्वयं सहायता समूहों के लिए आर्थिक अवसर पैदा करना चाहती है, जिससे उन्हें अपने कौशल, शिल्प और उत्पादों को प्रस्तुत करने का अवसर मिले और अंततः उनके परिवारों और समुदायों को आर्थिक रूप से मजबूत बनाया जा सके।
- **'ट्विन स्टेट इनिशिएटिव'** के हिस्से के रूप में, **जम्मू-कश्मीर की महिला उद्यमियों और स्वयं सहायता समूहों** को भी आकांक्षा हाट 2024 में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया है।

## भारतीय सैन्य विरासत महोत्सव

वार्षिक भारतीय सैन्य विरासत महोत्सव (आईएमएचएफ) का दूसरा संस्करण 8 नवंबर 2024 को नई दिल्ली में शुरू हुआ।

### प्रमुख बिंदु

- यह दो दिवसीय उत्सव है।
- इस आयोजन का उद्देश्य **वैश्विक और भारतीय थिंक टैंक**, कंपनियों, सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के उपक्रमों, गैर-लाभकारी संस्थाओं, शिक्षाविदों और अनुसंधान से जुड़े विद्वानों को भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा, विदेश नीति, सैन्य इतिहास और सैन्य विरासत पर ध्यान केंद्रित करने के लिए शामिल करना है।

### परियोजना शौर्य गाथा

- इस महोत्सव में परियोजना 'शौर्य गाथा' भी शामिल थी।
- यह **परियोजना भारत के सैन्य मामलों के विभाग और यूएसआई की एक पहल** है।
- इसका उद्देश्य शिक्षा और पर्यटन के माध्यम से भारत की सैन्य विरासत को संरक्षित और बढ़ावा देना है।

## लघु समाचार- उत्तर प्रदेश

- यूपी सरकार **पूरे राज्य में 11 निजी टेक्सटाइल पार्क स्थापित करेगी, जिसमें पहला पार्क शामली जिले में 726 करोड़ रुपये के निवेश से विकसित किया जाएगा।** राज्य में ये निजी टेक्सटाइल पार्क स्थानीय उत्पादन को बढ़ावा देंगे और कच्चे माल के लिए चीन पर निर्भरता कम करेंगे।

## चर्चित व्यक्तित्व - वैश्विक

### सूसी विल्स



उन्हें **अमेरिकी इतिहास में पहली महिला चीफ ऑफ स्टाफ नियुक्त** किया गया है।

वह इस प्रभावशाली कैबिनेट पद पर आसीन होने वाली पहली महिला हैं।

**चीफ ऑफ स्टाफ राष्ट्रपति के लिए द्वारपाल,** कांग्रेस और सरकारी विभागों के लिए संपर्क सूत्र के रूप में कार्य करता है, तथा नीतिगत निर्णयों को संचालित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

## चर्चित व्यक्तित्व - खेल

### अर्जुन एरिगैसी



उन्होंने **FIDE विश्व शतरंज रैंकिंग में दूसरे स्थान** पर पहुंचकर इतिहास रच दिया है।

## पुरस्कार

### रोहिणी नैयर पुरस्कार




**तीसरा रोहिणी नैयर पुरस्कार ओडिशा के 28 वर्षीय अनिल प्रधान को** ग्रामीण भारत में STEM शिक्षा में उनके योगदान के लिए प्रदान किया गया।

### रोहिणी नैयर पुरस्कार के बारे में

- इसकी स्थापना **2022** में डॉ. **रोहिणी नैयर की स्मृति में की गई थी, जो एक प्रतिष्ठित अर्थशास्त्री, नौकरशाह और पद्मश्री से सम्मानित** हैं।
- यह पुरस्कार **40 वर्ष से कम आयु** के उन व्यक्तियों को प्रतिवर्ष दिया जाता है, **जिन्होंने भारत में ग्रामीण विकास में उत्कृष्ट योगदान दिया** है। पुरस्कार में 10 लाख रुपये का नकद पुरस्कार, एक प्रशस्ति पत्र और एक ट्रॉफी शामिल है।
- रोहिणी नैयर पुरस्कार के पिछले प्राप्तकर्ता

- **2022:** नागालैंड के सेथ्रिचेम संगतम को ग्रामीण विकास में उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया था।
- **2023:** छत्तीसगढ़ के दीनानाथ राजपूत को भूमगडी महिला कृषक उत्पादक कंपनी लिमिटेड के माध्यम से उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया था।

## महत्वपूर्ण दिन/तारीख

**8 नवंबर**

**विश्व रेडियोग्राफी दिवस**




- विश्व रेडियोग्राफी दिवस हर साल **8 नवंबर को एक्स-रे की खोज के उपलक्ष्य** में मनाया जाता है।
- इस वर्ष विश्व रेडियोग्राफी दिवस का विषय है **"सींग द अनसीन"** यह विषय इस बात पर प्रकाश डालता है कि रेडियोग्राफर किस तरह छिपी हुई स्वास्थ्य समस्याओं को खोजने में मदद करते हैं।
- विश्व रेडियोग्राफी दिवस **1895 में जर्मनी के वुर्जबर्ग विश्वविद्यालय में प्रोफेसर विल्हेम कॉनराड रोएंटजेन द्वारा एक्स-रे की खोज की वर्षगांठ का प्रतीक** है।
- विश्व रेडियोग्राफी दिवस पहली बार **8 नवंबर, 2007** को इंटरनेशनल सोसाइटी ऑफ रेडियोग्राफर्स एंड रेडियोलॉजिकल टेक्नोलॉजिस्ट द्वारा मनाया गया था, जो रोएंटजेन द्वारा एक्स-रे की खोज की वर्षगांठ के साथ मेल खाता था।

## विविध

- **3 साल की उम्र में अनीश सरकार FIDE रेटिंग** पाने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी हैं। उन्होंने 1555 की FIDE रेटिंग हासिल की है।
- भारत-भूटान सीमा पर पहली एकीकृत चेक पोस्ट **'दरंगा इमिग्रेशन चेक पोस्ट'** का उद्घाटन किया गया।
- 24 और 25 नवंबर को **इंडियन प्रीमियर लीग की 2025** की मेगा नीलामी सऊदी अरब के जेद्दा में होगी। **अबादी अल जोहर एरिना (बेंचमार्क एरिना)** में आयोजित होने वाला यह आयोजन लगातार दूसरा वर्ष है जब नीलामी विदेश में हो रही है, इससे पहले 2024 में दुबई में इसकी मेजबानी की गई थी।